महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 13.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 13.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने चोरी की घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है, अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की सम्पत्ति 32 हजार ₹ नगद सहित अवैध 02 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस की बरामदगी की गयी है।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी की गई सम्पत्ति की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक-12.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह कां0 अजय कुमार व कां0 मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र के सुगिरा में हुई चोरी की घटना के संदर्भ में पंजीकृत किए गए अभियोग मु0अ0सं 379/2024 धारा 331(4)/305(ए) /317(2) BNS से सम्बन्धित चोरी की घटना में संलिप्त 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.मनोज पुत्र जगदीश प्रजापति उम्र 19 वर्ष 2.भीम पुत्र घनश्याम उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को बागौल तिराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से क्रमशः 01-01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर मय चोरी से सम्बन्धित माल मसरूका 32 हजार ₹/- नगद की बरामदगी की गयी है। अभियुक्तों के कब्जे से बरामद अवैध शस्त्र के सम्बन्ध में थाना कुलपहाड़ में क्रमशः मु0अ0सं0 381/2024 व मु0अ0सं 382/2024 धारा 3/25 ए एक्ट पंजीकृत किया गया है।

उक्त चोरी घटना में संलिप्त 01 नफर बाल अपचारी की तलाश जारी है, शीघ्र ही बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में ले लिया जायेगा।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों का विवरणः-

1. मनोज पुत्र जगदीश प्रजापति उम्र 19 वर्ष
2. भीम पुत्र घनश्याम उम्र 20 वर्ष

निवासीगण ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

बरामदगी का विवरणः-

एक–एक अदद तमंचा देशी 315 बोर मय 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज मय माल मसरूका 32000 रुपये नगद बरामद होना

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 दिनेश सिंह
2. कां अजय कुमार 3. कां मनोज कुमार

कोतवाली कुलपहाड़
थाना कार्यालय